# आईआईटी ने किए 10 संस्थानों से एमओयू

इंदौर। आईआईटी इंदौर ने 10 इंटरनेशनल शिक्षण संस्थानों से समझौता किया है। इसका मकसद इंटरनेशनल संस्थानों के साथ नॉलेज शेयरिंग और रिसर्च को बढ़ावा देना है। बुधवार से संस्थान में फर्स्ट इंडो-फ्रेंच रिसर्च वर्कशॉप की शुरुआत हुई। पहले दिन यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्रासबर्ग के इंटरनेशनल रिलेशन डिप्टी वाइस प्रेसीडेंट डॉ. फिलिपे टरेक, एम्बेसी ऑफ फ्रांस इन इंडिया के सीएनआरएस ऑफिस के डायरेक्टर डॉ. सिरिनी वी कावेरी मौजूद थे। वर्कशॉप के पहले दिन आईआईटी इंदौर ने यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्रासबर्ग और इंस्टीट्यूट माइंस टेलीकॉम के साथ एमओयू सेरेमनी की। अगले दो दिन में देश के अन्य आईआईटी से भी प्रोफेसर रोबोटिक, स्पेस वेदर और सायबर फिजिकल सिस्टम रिसर्च पर नॉलेज शेयर करेंगे।

Nai Duniya (Indore), 30.08.2018, Naiduniya Live, Page-15